प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 70/2025)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
नई दिल्ली, 4 अगस्त 2025

तत्काल प्रकाशन हेतु
वेबसाइट www.trai.gov.in

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने लेह शहर और लेह से नुब्रा वैली, नुब्रा वैली से पैंगोंग और पैंगोंग से लेह तक के राजमार्गो पर नेटवर्क गुणवत्ता का आंकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जून 2025 के महीने के दौरान व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए जम्मू और कश्मीर लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र(एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी ) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ड्राइव टेस्ट को विभिन्न उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाईल नेटवर्क के निष्पादन को आंकने के लिए डिज़ाइन किये गए थे।

भादूविप्रा की टीमों ने 10 जून 2025 से 12 जून 2025 के बीच 41.3 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 302 किलोमीटर हाईवे ड्राइव टेस्ट, 5 हॉटस्पॉट स्थानों और 2 किलोमीटर वॉक टेस्ट में विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई तकनीकियों में 2 जी, 3 जी, 4 जी और 5 जी शामिल हैं, जो विभिन्न क्षमताओं वाले हैंडसेट में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाती हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित किया जा चुका है।

**मूल्यांकन किए गए प्रमुख पैरामीटर:**

क) **वॉयस सर्विसेज**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सीएसएसआर), ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एमओएस), कवरेज।


**ख) डेटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट, और वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल और आरजेआईएल की कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 57.11%, 47.03% और 49.78% है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल और आरजेआईएल की ड्रॉप कॉल **रेट** क्रमशः 9.70%, 4.67% और 7.17% है।

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता के मानदंडों के अनुसार निष्पादन**

**सीएसएसआर** : कॉल सेटअप सक्सेस रेट (%में), **सीएसटी:** कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डीसीआर**: ड्रॉप कॉल रेट (%में) **एमओएस** : मीन ओपिनियन स्कोर।



| वॉइस सेवाओं का सारांश | डेटा सेवाओं का सारांश |
| --- | --- |
| **कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सिलेक्शनमोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल और आरजेआईएल की कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 57.11%, 47.03% और 49.78% है<br>**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल और आरजेआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 1.90, 4.36 एंड 1.56 सेकंड है ।<br>**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल और आरजेआईएल की ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 9.70%, 4.67% और 7.17% है।<br>**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट::** पैकेट स्विचित नेटवर्क (4जी/5जी) में एयरटेल, बीएसएनएल और आरजेआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमश 6.82%, 4.97% और 1.418% है।<br>**मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस):** एयरटेल, बीएसएनएल और आरजेआईएल का मीन ओपिनियन स्कोर क्रमश 3.81, 2.53 और 3.56 है। | **डेटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5जी/4जी/2जी) की 95.39 एमबीपीएस, बीएसएनएल(4जी/3जी/2जी) की 2.62एमबीपीएस और आरजेआईएल(5जी/4जी) की औसत डाउनलोडस्पीड 144.09 एमबीपीएस है।<br>**डेटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5जी/4जी/2जी) की 16.59 एमबीपीएस, बीएसएनएल (4जी/3जी/2जी) की 4.06 एमबीपीएस और आरजेआईएल (5जी/4जी) की औसत अपलोड स्पीड 13.99 एमबीपीएस है।<br>**लेटेंसी - 50 वां पर्सेन्टाईल(समग्र):**<br>एयरटेल - 23.30 एमएस<br>बीएसएनएल - 37.65 एमएस<br>आरजेआईएल - 15.40 एमएस<br>**डेटा निष्पादन - हॉटस्पॉट (एमबीपीएस में):**<br>एयरटेल- 4जी डी/एल: 37.08 4जी यू/एल: 13.29<br>5जी डी/एल: 152.00 5जी यू/एल: 26.45<br>बीएसएनएल- 4जी डी/एल: 2.29 4जी यू/एल: 6.55<br>आरजेआईएल- 4जी डी/एल: 15.53 4जी यू/एल: 4.08<br>5जी डी/एल: 275.60 5जी यू/एल: 32.73<br>नोट- - "D/L" डाउनलोड स्पीड , "U/L" अपलोड स्पीड |

लेह में, मूल्यांकन में चोगलमसर, स्पितुक और युरतुंग आदि जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को प्रतिबिंबित करने के लिए ईजेएम कॉलेज, लैमडन स्कूल, लेह हवाई अड्डे, शांति स्तूप और एसएनएम अस्पताल में में रीयल वर्ल्ड दशाओं का भी मूल्यांकन किया गया।

12 जून 2025 को लेह शहर में आयोजित वॉक में लेह मार्केट पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्रियों के वातावरण में मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर किया गया।

लेह से नुब्रा वैली राजमार्ग गलियारा, उत्तरी पुल्लू, खारदुंग, खालसर और हुंडर आदि से गुजरने वाली एक उच्च गति गतिशीलता विस्तार, और श्योक, दुरबुक, तांगत्से, स्पैंगमिक, मान और मेराक आदि से गुजरने वाली नुब्रा वैली से पैंगोंग और त्सोलतक, झिंगल, कारू, थिकसे और शे आदि से गुजरने वाले पैंगोंग से लेह तक का भी उच्च गति पारगमन में मोबाइल अनुभव को प्रतिबिंबित करने के लिए मूल्यांकन किया गया था।

**नोट- परीक्षण के दौरान तय किए गए मार्ग पर वीआईएल का कोई नेटवर्क नहीं है।**

ये परीक्षण ट्राई कैलिब्रेटेड इक्विपमेंटस ओर मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली) भादूविप्रा से ईमेल: adv.ca@trai.gov.in या दूरभाष संख्या+91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।

विवेक खरे

(विवेक खरे)

सलाहकार क्षे.का दिल्ली, भादूविप्रा